शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

36.5° अधिकतम तापमान | 29.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.16 | सूर्यास्त 07.10

# पहले करना होगा रिचार्ज, फिर इस्तेमाल कर पाएंगे बिजली

## शहर से होगी स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने की शुरुआत, विभाग ने शुरू किया सर्वे

**पुनरुत्थान योजना**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जिले में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की शुरुआत शहर से होगी। इसके लिए सर्वे शुरू हो गया है। जनपद में पांच लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। पहले चरण में महानगर में लगभग डेढ़ लाख प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद मोबाइल रिचार्ज की तरह बिजली का रिचार्ज करना होगा, इसके बाद बिजली का उपभोग किया जा सकेगा। ऐसे में विभाग को भारी-भरकम बिजली बकाया से नहीं जूझना होगा। बकाया वसूली के लिए मशक्कत नहीं करनी होगी। जिले भर में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाने में लगभग ढाई साल का समय लगेगा।

मोबाइल की तरह बिजली आपूर्ति के लिए एडवांस में रिचार्ज कराना होगा। बैलेंस खत्म होते ही आपके घर की बिजली कट जाएगी। इसके लिए जनपद में पांच लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने बहुप्रतीक्षित 621 करोड़ की पुनरुत्थान योजना (रिवैंप्ड) को लागू कर मुंबई की कंपनी को जिम्मा सौंप दिया है। केंद्र सरकार ने 2020-21 में पुनरुत्थान योजना के तहत विधायकों से भी प्रस्ताव मांगे थे। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने बिजली सुधार के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। 420.63 करोड़ से बिजली लाइनों का कायाकल्प, फीडर विभक्तिकरण, मीटर स्थापन आदि कार्य प्रस्तावित किया गया है।



- जिले भर में लगाए जाने हैं पांच लाख मीटर
- बकाया वसूली को नहीं करनी पड़ेगी मशक्कत

### वाउचर के भुगतान के बाद मिलेगा कोड

प्रीपेड बिजली मीटर में एक रिले (एक स्वचालित स्विच) होता है जो कोई यूनिट नहीं रहने पर बिजली काट देता है। जब आप टॉप-अप करते हैं, तो संतुलन बढ़ जाता है और फिर से बिजली सुचारू हो जाती है। प्रीपेड बिजली सैद्धांतिक रूप से पे-एज-यू-गो सेल्यूलर टेलीफोन विकल्प के समान है। उपभोक्ता एक वाउचर का भुगतान करेगा तो बदले में एक कोड मिलेगा, जिसे बिजली की एक निश्चित मात्रा हासिल करने के लिए प्रीपेड बिजली मीटर में डाला जाएगा।

### 200 करोड़ की लागत से बनेंगे नौ बिजली घर

पुनरुत्थान योजना के तहत नौ बिजली घर बनेंगे। 77 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। ट्रांसफार्मरों की क्षमता भी बढ़ेगी। तिलहर क्षेत्र के गढ़िया रंगीन, पुवायां में देवकली, मुड़ियां कुर्मियात, जलालाबाद में परौर, खजुरी, सुजावलपुर, बरी खास तथा सदर तहसील क्षेत्र में अटसलिया इंडिस्ट्रीयल, यूपीएसआईडीसी जमौर में 33 केवी क्षमता के नए बिजलीघर बनेंगे। इसके लिए 200 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। इस कवायद से बिजली विभाग में अभूतपूर्व सुधार आएगा।

> शहरी क्षेत्र के साथ-साथ जिले भर में लगभग पांच लाख प्री-पेड बिजली मीटर लगाए जाने हैं। इस प्रक्रिया में दो से ढाई साल का समय लगेगा। प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। - सुभाष कुमार, अधिशासी अभियंता मीटर

बिजली सुधार की पुनरुत्थान योजना के क्रियान्वयन के लिए पांच वर्ष का समय दिया गया है। इसी क्रम में लगभग ढाई साल के समय में स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत वितरण द्वितीय के तहत शहरी क्षेत्र में सबसे पहले काम शुरू होगा। इसके बाद विद्युत वितरण खंड प्रथम सदर क्षेत्र, बाद में पुवायां, तिलहर तथा जलालाबाद विद्युत वितरण खंड में काम कराया जाएगा।

### मीटर थे खराब फिर भी अंदाज से लिया जा रहा था बिल...खुलासे के बाद बैठी जांच अंतिम दौर में पहुंची




शाहजहांपुर। जनवरी माह में खुलासा हुआ था कि जिले में लगभग नौ हजार बिजली मीटर खराब हैं और यह स्थिति काफी दिन से बनी हुई है। मीटर रीडर इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहे हैं। साथ ही बिजली के सभी कनेक्शन सुचारू हैं। ऐसे में बिजली का बिल अंदाजन लिया जा रहा है। तमाम लोग ऐसे थे, जिन्होंने लंबे समय से बिल ही जमा नहीं किया था। जिसके बाद पता चला कि खराब बिजली मीटर होने के कारण विभाग को चपत लग रही है। मामला प्रकाश में आने के बाद बिजली विभाग ने दो स्तरीय जांच बिठा दी। अब इन दोनों स्तर की जांच लगभग पूरी होने वाली है। पांच जनवरी को एक दिवसीय दौरे पर आए मुख्य अभियंता अनिल तिवारी ने कृष्णानगर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में मीटर विभाग की समीक्षा की थी। जिसमें उन्होंने पाया था कि जिले के नौ हजार मीटर रीडरों द्वारा खराब दिखाए जा रहे हैं। इसको गंभीर से लेते हुए उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा था कि यदि मीटर खराब हैं तो उसे बदलवाकर रीडिंग से बिल बनवाए जाएं। मीटर की सीडिंग नहीं देने की शिकायतों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि विभाग की छवि को बेहतर बनाने के लिए मीटरों के लिए उपभोक्ताओं को दफ्तर के चक्कर नहीं कटवाए जाएं। मीटर लगाने की सारी प्रक्रिया को तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए थे कि बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोनों मामलों की जांच अधीक्षण अभियंता के स्तर से करवाई जा रही है। अब यह जांचें अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं। ईई मीटर सुभाष कुमार ने बताया कि दोनों स्तर की जांच अब अंतिम दौर में चल रही है। जल्द ही जांच पूरी होने की उम्मीद है।

# अलग-अलग भेजे एक मीटर के बिल

**पुवायां, अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। मामला नगर पुवायां का है। मोहल्ला छावनी निवासी दीपक तिवारी का घर में घरेलू विद्युत कनेक्शन है। इस कनेक्शन का 2 महीने का बिल उनके मोबाइल पर विभाग द्वारा मैसेज कर 13992.62 रुपये भेजा गया, जबकि इसी कनेक्शन का बिल मीटर रीडर ने 9649 रुपये दिया है। एक ही कलेक्शन के दो अलग-अलग धनराशि के बिल आ जाने के कारण वह चक्कर में पड़ गए। दोनों बिल लेकर कई दिनों से विद्युत अधिकारियों के ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। इस मामले से विद्युत विभाग की लापरवाही व मनमानी साफ उजागर हो रही है। एसडीओ जगदीश सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि कभी कभार कंप्यूटर में बिना फीडिंग किए ही मैसेज चले जाते है, लेकिन यह कोई बड़ी बात नहीं है। उपभोक्ता अपने मीटर के 5 मिनट के वीडियो बनाकर कार्यालय में आएगा और दोनों बिल साथ लाएगा तो समस्या का समाधान किया जाएगा।

# तीस लाख की ठगी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** पुलिस ने तीस लाख की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास से 6 लाख रुपये, 50 सिक्के पीली धातु के, एक फर्जी आरसी, दो नंबर प्लेट, एक मोबाइल बरामद हुआ है। पीलीभीत के कस्बा बीसलपुर के मोहल्ला दुबे निवासी विवेक अग्रवाल ने 13 जून को तीस लाख की ठगी के मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सोमवार को पसियाखेड़ा गांव के मोहसिन उर्फ मुसीम उर्फ मुसीर तथा जिला खीरी के आजम निवासी रसूलपुर मोहम्मदी, मोहसीन निवासी मोहल्ला देवस्थान मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 6 लाख नगदी, 50 सिक्के पीली धातु के, एक फर्जी आरसी (गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के कागज), दो नंबर प्लेट, एक वीवो का मोबाइल बरामद किया। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# डिप्टी सीएमओ करेंगे पेशाब की नली काटने के आरोप की जांच

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- सीएमओ के आदेश पर निगोही अस्पताल पहुंचे, दोनों पक्षों को कार्यालय बुलाया

**अमृत विचार:** निगोही अस्पताल में महिला की पेशाब नली काट देने के मामले में सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने डिप्टी सीएमओ डॉ आसिफ अली को जांच सौंपी है। डिप्टी सीएमओ सोमवार को अस्पताल गए लेकिन डॉक्टर नहीं मिले। उन्होंने दोनों पक्षों को कार्यालय में बयान के लिए बुलाया है।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव सूथा निवासी सुमित कुमार ने पत्नी अनीता देवी को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन से पुत्र का जन्म हुआ जो मृत अवस्था में था। आरोप था कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण डाक्टर ने इलाज करने से मना कर दिया था। जब उसने मजबूरी बताई तो डॉक्टर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की थी। वह पत्नी को लेकर बरेली गया। बरेली के डॉक्टर ने कहा कि अनीता का गलत ऑपरेशन हुआ है।

इसी वजह से नवजात की मौत हुई थी। सुमित का आरोप है कि डाक्टर ने उसकी पत्नी की पेशाब नली काट दी और गलत टांके लगाकर नली को बंद कर दिया। सीएमओ डॉ आरके गौतम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डिप्टी सीएमओ डॉ आसिफ अली को जांच दी है। डिप्टी सीएमओ ने निगोही में जाकर प्राइवेट अस्पताल की जांच की और डॉक्टर नहीं मिले। उन्होंने दोनों पक्षों को बयान के लिए कार्यालय में बुलाया है।

# डंपर की लिफ्ट में फंसे तार... उखड़ते चले गए बिजली के पोल

**संवाददाता, खुटार**

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर-खुटार मार्ग का चौड़ीकरण और बाईपास बनाने में डंपरों से मिट्टी डाली जा रही है। रविवार रात मिट्टी डाल कर लौट रहा चालक डंपर की लिफ्ट डाउन करना भूल गया। खुटार-बंडा सड़क पार करते समय लिफ्ट में बिजली के तार फंस गए और चालक वाहन तेजी से भगाता चला गया। इससे बिजली के सात पोल टूट गए। उस वक्त बिजली सप्लाई चल रही थी।

तार टूटकर गिरने से कूड़ा करकट में आग लग गई। लोगों ने किसी तरह आग बुझाई। सड़क किनारे रहने वाले लोग तार की चपेट में आने से बच गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों को भेजकर लाइन को सही करा दिया है लेकिन कितना नुकसान हुआ है। इसका आंकलन नहीं लग पाया है। इस मामले में एनएचएआई विभाग के अधिकारियों से नुकसान की भरपाई के लिए कहा गया है।



टूटा पड़ा पोल और पास में से सड़क से निकल रहे लोग। ● अमृत विचार

शाहजहांपुर से खुटार तक हाईवे के चौड़ीकरण का काम हो रहा है। साथ ही खुटार-पुवायां से बंडा, पूरनपुर, मैलानी मार्ग तक बाईपास बनने का कार्य चल रहा है। इन मार्गों पर डंपरों से मिट्टी डाली जा रही है। रविवार रात को डंपर से मिट्टी डालकर चालक वापस मिट्टी भरने जा रहा था। लेकिन डंपर की लिफ्ट नीचे करना भूल गया था और तेज वाहन लेकर जाने लगा। सड़क किनारे लगे बिजली के तार उस डंपर की लिफ्ट में फंस गए और तारों के खिंचाव के चलते पोल उखड़ते चले गए। जिससे करीब सात पोल टूटकर गिर गए। इसके बाद चालक ने ध्यान दिया, तो डंपर को रोककर फंसे तारों को निकाला। लेकिन बिजली के पोल से टूट कर नीचे गिरे तारों से चिंगारी निकली और कूड़ा करकट को पकड़ लिया और आग लग गई। इसके अलावा सड़क गुजरने वाले राहगीर, कबाड़ पर रह रहे लोग बाल-बालबच गए। सोमवार सुबह बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना दी गई। एसडीओ हरिओम सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर कर्मचारियों को मौके पर भेजा। सोमवार दोपहर बाद तक पोल लगवाकर लाइन को दुरुस्त कराने का कार्य चला। इसके बाद बिजली लाइन फिर से शुरू करा दी गई। लेकिन विभाग का हजारों का नुकसान हो गया है।



टूटे पड़े बिजली के पोल।

- एनएचएआई की ओर से शाहजहांपुर-खुटार मार्ग के चौड़ीकरण का चल रहा काम
- डंपरों से डाली जा रही है मिट्टी लिफ्ट डाउन करना भूला चालक सात पोल का नुकसान

> डंपर से टूटी लाइन को कर्मचारियों द्वारा सही कराया जा रहा है। एनएचएआई के कर्मचारियों से बात की गई है। यदि वो नुकसान का खर्चा नही देते है। तो मामले की तहरीर थाने पर दी जाएगी। -हरिओम सिंह, एसडीओ विद्युत विभाग

## सार-संक्षेप

### गोविंद हत्याकांड का शीघ्र किया जाए खुलासा



शाहजहांपुर। एसपी अशोक कुमार मीणा सोमवार की दोपहर मदनापुर थाने पहुंचे और उनका गार्ड आफ ऑनर दिया गया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से गोविंद हत्याकांड की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी की। एसपी ने निर्देश दिए कि घटना का खुलासा करके लूटी गई बाइक को बरामद किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अभिलेखों को देखा, उच्च अधिकारियों को दिए प्रार्थनापत्रों का गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, शस्त्रों को नियमित सफाई की जाए, हवालात को साफ सुथरा रखा जाए, अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज की जाए, शराब माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए तथा अपराधियों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के समय सीओ सदर अमित चौरसिया, सीओ ट्रैफिक वीएस वीर कुमार सिंह, थाना प्रभारी अमित सिंह चौहान आदि थे।

### घर से हरिद्वार निकले बुजुर्ग की ट्रेन से गिरकर मौत

शाहजहांपुर। जहानीखेड़ा रेलवे स्टेशन के यार्ड में सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे कर्मचारियों ने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। उसके हाथ-पैर कटे हुए थे और सिर में चोट थी। जहानीखेड़ा स्टेशन मास्टर ने रोजा जीआरपी तथा आरपीएफ को सूचना दी। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की उम्र 55 साल है। इधर राहगीरों ने पहचाना कि हरदोई के थाना पिहानी के गांव सदादत नगर के विपिन बिहारी का शव है। जीआरपी ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दी। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर बताया कि घर से हरिद्वार के लिए निकले थे। आशंका व्यक्त की है कि उनकी ट्रेन से गिरकर मौत हो हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# चाकू से घायल महिला ने निजी अस्पताल में तोड़ा दम

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के गांव धर्मापुर निवासी हरी प्रसाद की ससुराल लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिकलापुर में है। वह अपनी पत्नी पत्नी मीना देवी (45) तथा बच्चों को लेकर 14 जून की दोपहर ससुराल गए थे।

उन्होंने पत्नी तथा बच्चों को ससुराल में छोड़ दिया और खुद मोहम्मदी के गांव नौगवां में रिश्तेदारी में चले गए थे। मीना तथा उसकी मां आदि ने रात में नौ बजे खाना खाया। 14 जून की रात में सभी लोग छत पर सोने के लिए चले गए। रात 12 बजे मीना की मां और भाभी ने उससे कहा कि नीचे सोने के लिए चलो। मीना ने कहा कि छत पर ही सोउंगी। उसके मायके वाले नीचे चले आए। मीना छत पर मच्छरदानी लगाकर सो गई। उसके भाई राम निवास का बेटा अलग चारपाई पर सो रहा था। रात में ढाई बजे सोते समय मीना के बायीं तरफ पेट में किसी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। वह चिल्लाई तो उसके भाई का बेटा जाग गया। उसने नीचे जाकर परिवार वालों को जानकारी दी। इधर खबर मिलने पर हरी प्रसाद रिश्तेदारी से ससुराल पहुंचा। पत्नी ने बताया कि उसने किसी को चाकू मारते नहीं देखा, जब चाकू पेट में लगा तो अचानक नींद खुल गई। वह मीना को लेकर मोहम्मदी कोतवाली गया और सूचना देने के बाद मोहम्मदी अस्पताल ले गया। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। उसने पत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह पांच बजे महिला की मौत हो गयी। मृतका के पति ने बताया कि 14 जून को अज्ञात में धारा 307 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बेबी की मौत मामले में पति समेत सात पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बरेली जिले के थाना भुता के गांव मगरासा के नरेशपाल ने बताया कि उसने बहन बेबी की शादी वर्ष 2019 में सुनील कुमार निवासी बरखेड़ा हवेली थाना कटरा के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराली उसे मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया करते थे। आरोप है कि 21 जून को ससुराल वालों ने बेबी को मार डाला। सूचना मिलने पर वह उसकी ससुराल गया तो आस-पास के लोगों ने भी यही अताया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि पति सुनील कुमार, सास शांति देवी, जेठ राम सेवक, जेठ का लड़का हिमांशु, लड़की प्रिया, नरेश तथा मुनेंद्र के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



मृतका बेबी।

# जिलाधिकारी की बैठक में नहीं पहुंचे दो अधिकारी, जवाब तलब किया




कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक
- गर्भवती को निजी अस्पताल ले जाने वाली आशाओं पर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। कम प्रगति वाले क्षेत्रों के एमओआईसी को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जवाब तलब करने का निर्देश दिया। आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी लाने को कहा।

जननी सुरक्षा योजनांतर्गत मिर्जापुर में संस्थागत प्रसव की स्थिति सबसे खराब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एमओआईसी को निर्देश दिए कि कार्य में सुधार लाएं और जो भी आशाएं गर्भवती को प्रसव के लिए प्राइवेट अस्पतालों में ले जा रही हैं उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। टीबी के मरीजों को दवाओं का भुगतान नियमित समय से किया जाए। आभा आईडी कार्ड बनाने में नगर की स्थिति सबसे खराब होने पर एक सप्ताह में सुधार करने और संबंधितों को नोटिस देने के निर्देश दिए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि परस्पर विभागीय समन्वय व टीमवर्क के साथ अभियान को सफल बनाएं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई तक चलेगा। 11 जुलाई से दस्तक अभियान चलेगा।

### डॉक्टर्स से कहा- मरीजों के प्रति संवेदना बढ़ाएं

डीएम ने सभी सीएचसी, पीएचसी पर तैनात डॉक्टरों को निर्देश दिए कि अपनी तैनाती स्थल पर ही रात्रि में निवास करें। अस्पतालों में मरीजों के साथ मधुर व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि संवेदना बढ़ाएं। किसी भी दशा में उपचार के दौरान कोई लापरवाही न बरती जाए। उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप मरीज का उपचार किया जाये। किसी भी दशा में अनावश्यक रूप से मरीज को रेफर न किया जाये। टीकाकरण सेशन से पहले क्षेत्र में जानकारी दे दी जाए और टीकाकरण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करें।

### 30, 60 व 90 प्रतिशत निर्माण पर कराएं गुणवत्ता की जांच

शाहजहांपुर। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को 50 लाख और उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की बैठक हुई। डीएम ने 50 लाख व उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि परियोजनाओं का 30, 60 व 90 प्रतिशत निर्माण होने पर टीम से गुणवत्ता की जांच कराई जाए। कहा कि संबंधित विभाग भी समय-समय पर गुणवत्ता चेक करते रहें। कार्य में देरी करने वाली संस्थाओं को नोटिस दिया जाए। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं की टेक्निकल द्वारा भी जांच कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खर्च होने वाली धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र अवश्य भेजा जाए। इस दौरान सीएम आरआईएस पोर्टल पर दर्ज त्वरित आर्थिक विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अधूरे व अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापरक ढंग से व समयबद्धता के साथ पूर्ण हो।

### डीएम ने की महायोजना 2031 की समीक्षा

शाहजहांपुर। डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को महायोजना 2031 समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शासन को प्रेषित वर्ष 2031 की महायोजना में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण एवं विचार विमर्श किया गया। डीएम ने कहा कि महायोजना 2031 में शहर के आवासीय, व्यवसायिक, ग्रीन बेल्ट और औद्योगिक क्षेत्र के प्लान पर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए महायोजना से संबंधित शिकायतों और प्राप्त आपत्तियों को समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खेत किनारे बेहोश मिला लापता युवक

**खुटार, अमृत विचार:** शाहजहांपुर-पीलीभीत सीमा पर खेत किनारे लापता युवक बेहोशी की हालत में परिजनों को मिल गया। लेकिन वह कैसे पहुंचा। इसके बारे में कुछ बता नहीं पा रहा है। क्षेत्र के गांव हरनाई निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया था कि 22 जून की रात को उसका पुत्र विकास घर से लापता हो गया था। इससे पूर्व उसके दामाद के पास विकास का फोन आया था और गांव के रहने वाले दो युवकों पर पिटाई का आरोप लगाया था। इसके बाद से विकास से फोन से संपर्क टूट गया। 23 जून को राजेंद्र कुमार ने गांव के दो युवकों को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी थी। उसी दिन शाम करीब चार बजे हंसपुर अकेला हाल्ट के पास खेत किनारे विकास पड़ा मिला और होश में नहीं था। परिजन उसे उठाकर घर ले आए और होश में आने के बाद पूछताछ की लेकिन वह कुछ भी बता नहीं पाया।

**संवरेगा अपना जिला**

## अवैध निर्माण पर कसेगा शिकंजा, लंबे समय से चल रही थी प्रक्रिया

# मुख्यमंत्री से मिली विकास प्राधिकरण को हरी झंडी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर को विकास प्राधिकरण बनाने की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बैठक के दौरान एसडीए को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। साथ ही प्राधिकरण बनाने की प्रक्रिया तेज करने को कहा। प्राधिकरण बनने से अवैध निर्माण पर शिकंजा कसेगा और और शहर की खूबसूरती में चार चांद लगेंगे। सरकार की ओर से निर्माण योजनाएं शुरू की जाएंगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर डीएम, नगर आयुक्त व सिटी मजिस्ट्रेट के साथ वीसी की। उन्होंने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि खाली पड़े अथवा अधूरे सरकारी निर्माण कार्यों को चिन्हित कर पूरा कराएं और उन्हें उपयोगी बनाएं। कहा कि प्रदेश में होटल इंडस्ट्री के विकास लिए अनुकूल अवसर भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व आसपास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेजी से हुआ है। वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण गठन होने के बाद जनपद का शहरीकरण व औद्योगीकरण को पंख लगेंगे। महानगर का विस्तार होगा। नक्शे आसानी से पास हो जाएंगे, अत्याधुनिक प्लान के तहत पार्क डेवलपमेंट किए जाएंगे। इसमें ग्रामीण एरिया और जुड़ेंगे। तिलहर तहसील भी प्राधिकरण में आ जाएगी। उसके नक्शा भी यहां के प्राधिकरण से पास होंगे।

### भू-माफिया की आएगी शामत

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण गठन होने के बाद जनपद में हो रही अनाधिकृत कालोनियों, प्लाटिंग पर पूरी तरह से लगाम लग जाएगी। इससे शहर को एक नया कल्चर मिलेगा। नियोजित कालोनी विकसित होगी और होटल, मॉल खुलने की संभावना बढ़ेगी। जो भी कालोनियां डेवलपमेंट की जाएगी, अब उनमें पार्क, ग्रेन बेल्ट देनी होगी। सीएम के निर्देश के बाद महानगर के विस्तार, सीमाओं का चिन्हांकन के साथ ही अब जिला प्रशासन की ओर से विकास प्राधिकरण भवन निर्माण के लिए जगह तलाशने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। डीएम ने बैठक कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। क्योंकि प्राधिकरण का एक अलग ही भवन होगा। अधिकारी होगे। जिसमें दस पंद्रह इंजीनियर, एक्सईन, जेई आदि तैनात किए जाएंगे। बरेली के बाद मंडल में शाहजहांपुर दूसरा प्राधिकरण होगा।

> विकास प्राधिकरण गठन के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए सीएम ने निर्देशित किया है। अब एसडीए के गठन में तेजी आएगी। - प्रवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट।

# भ्रष्टाचार में डूबी मोदी सरकार पेपर लीक के लिए जिम्मेदार

## पेपर लीक को लेकर आप कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, नौजवानों का भविष्य बर्बाद करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी ने पेपर लीक को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों को जेल भेजने की मांग की। आप ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

आप पदाधिकारियों ने कहा कि नीट परीक्षा देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक हैं। उसका पेपर भी लीक हो गया। दूसरी तरफ यूजीसी नेट परीक्षा होने के बाद रद्द कर दी गई। इसका मतलब उसका पर्चा भी लीक हुआ है या परीक्षा में धांधली हुई। रोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को भ्रष्टाचारी सरकार

ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहां संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा है तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार की परीक्षाओं का

पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार है। जिसकी वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है। नीट के परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था, लेकिन आनन-फानन में चार जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही नीट के परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता है कि किस गुनाह को छिपाने के लिये इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये, एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये गये और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिये, यह असम्भव है। एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर चार या पांच नंबर कम होने चाहिए 716 या 715 नंबर तो हो सकते थे, लेकिन 718 और 719 नंबर कैसे दिये जा सकतें हैं। इससे प्रतीत होता है कि नीट और यूजीसी नेट की परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया है। आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से नीट परीक्षा को दोबारा कराए जाने की मांग की। आप ने कहा कि नीट परिणाम व यूजीसी नेट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जाए।

तालिक नीट और यूजीसी नेट अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ न्याय हो सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव यादव, मोहम्मद हारुन, राम प्रसाद, कमलेश गुप्ता, राम प्रसाद, महेश सिंह यादव, उदयवीर सिंह, नुसरत शिकोहा सिद्दीकी, रवि कश्यप, अनीता देवी, अनवनीश कुमार, अनुराग रस्तोगी, अभिषेक कश्यप, किशन सक्सेना, सुमन वर्मा, आशीष द्विवेदी आदि रहे।

- गड़बड़ी की जांच और दोषियों को जेल भेजने की मांग



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आप पदाधिकारी और कार्यकर्ता। • अमृत विचार


मदनापुर चौराहा पर एनटीए का पुतला फूंकते अभाविप कार्यकर्ता। • अमृत विचार

# अभाविप ने फूंका एनटीए का पुतला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मदनापुर इकाई ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में व्याप्त अनियमितताओं एवं धांधली के विरोध में सोमवार को कस्बा चौराहे पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए एजेंसी का प्रतीकात्मक पुतला भी फूंका।

नगर मंत्री सागर सिंह के नेतृत्व में आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर एनटीए का पुतला लेकर जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता आयुष्मान चौहान ने कहा कि एनटीए द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ किया जा रहा है, जो बेहद निंदनीय है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शिक्षा माफियों द्वारा धांधली, भ्रष्टाचार, पेपर लीक जैसी अवांछनीय घटनाओं से समस्त विद्यार्थी समाज के साथ उनके परिवारजन भी आहत हैं। विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है।

जिला सह संयोजक हर्षिल ठाकुर ने कहा भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके एनटीए जिस भाषा में समझेगा, उसे उसी तरीके से समझाया जाए। उन्होंने दोषियों को कठोरतम दंड दिए जाने की मांग की। प्रदर्शन और पुतला दहन करने वालों में अनुज सिंह, शिवम त्रिवेदी, आलोक, अमन, रजत सिंह, राघवेंद्र सिंह, राज प्रताप सिंह, शानू, देव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- नारेबाजी करते हुए एजेंसी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका
- दोषियों को कठोरतम दंड दिए जाने की मांग

# मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के लिए आए 385 आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जीएफ कालेज में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के लिए इस बार 385 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, विभिन्न विषयों में पढ़ाने के लिए 53 लोगों ने आवेदन किया है। चूंकि सेंटर पर 150 लोगों के बैठने की ही व्यवस्था है, इसलिए प्रवेश परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जीएफ कॉलेज में कोचिंग सेंटर बनाया गया है, जिसमें कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कराई जाती है। इस बार अभ्युदय कोचिंग में पढ़ने के लिए 385 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रशासन की ओर से 15 जून तिथि निर्धारित की थी। इसी तरह छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए टीचिंग स्टाफ की पूर्ति के लिए 20 जून तक आवेदन मांगे गए थे। विषय विशेषज्ञों के रूप में 53 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

कोचिंग सेंटर के को-आर्डिनेटर राहुल यादव ने बताया कि पहली जुलाई को सीडीओ की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में प्रवेश परीक्षा की तिथि निर्धारित की जाएगी और इसी बैठक में शिक्षकों के साक्षात्कार की तिथि घोषित होगी। कोचिंग के लिए सर्वाधिक 263 आवेदन यूपीएससी के प्राप्त हुए हैं।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल

**तिलहर।** पैदल जा रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे ग्रामीण घायल हो गया। उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार शाम करीब छह बजे क्षेत्र के गांव बख्तियारपुर निवासी इतवारी लाल पुत्र मिढ़ई (50) गांव के समीप पैदल जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी ने तत्काल घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी घायल

**अल्हागंज।** सोमवार की सुबह फर्रुखाबाद की तरफ से आ रही कार की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में बरेली रेफर किया गया है। कस्बे के मोहल्ला साहूकारा निवासी मुकेश गुप्ता अपनी बाइक से गल्ला मंडी आ रहा था। इसी दौरान पुलिया के पास फर्रुखाबाद की तरफ से आ रही कार ने उनके पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक कार में फंस गई। कुछ दूर घिसटने के बाद बाइक कार से निकली। भीड़ के दबाव में कार चालक ने घायल व्यापारी को कार में लिटाकर फर्रुखाबाद अस्पताल पहुंचाया। बाद में उनको वहां से बरेली रेफर कर दिया गया।

### सीएमओ अपने स्तर से करें पोस्टिंग: डीजी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में पिकअप में सर्जिकल सामग्री के पकड़े जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग के डीजी ने सीएमओ को निर्देश दिए है कि चीफ फार्मासिस्ट तथा फार्मासिस्ट की वह अपने स्तर से नियुक्ति करें। सीएमएस डॉ नेपाल सिंह ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक जून की रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्ड ने पिकअप सामान समेत पकड़ी थी। पिकअप में बोरों में सर्जिकल सामग्री थी। चालक तथा एक कर्मचारी भाग गए थे। जांच टीम ने स्टोर के रजिस्टर से मिलान किया तो सामग्री कम मिली थी। सीसीटीवी कैमरे में भी पुष्टि हुई थी। पुलिस ने चीफ फार्मासिस्ट जेडी बंसल, फार्मासिस्ट मोहम्मद जुबैर अली, नंद किशोर तथा चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इधर प्राचार्य ने जेडी को कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा था। साथ ही चीफ फार्मासिस्ट ने कोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए अर्जी लगाई है। विवेचनाधिकारी छुट्टी पर चल रहे है। स्वास्थ्य विभाग के डीजी ने सीएमओ को पत्र लिखा है कि अपने स्तर से चीफ फार्मासिस्ट तथा फार्मासिस्ट की नियुक्ति करें। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बताया कि दोनों कर्मचारियों की शीघ्र पोस्टिंग की जाएगी।

नुमाईश दुबई
थीम कर्निवाल

देशी विदेशी झूलों के साथ
दुबई का मजा शाहजहाँपुर में
समय
सायं 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक
स्थान
ओ.सी.एफ. रामलीला मैदान, शाहजहाँपुर

# किसानों ने की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को किसानों के साथ एसडीएम को पत्र देकर बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किए जाने की मांग की।

भाकियू (भानु गुट) के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव ने एसडीएम को दिए पत्र में कहा कि तहसील स्तर पर बने सरकारी अस्पताल में पूरी तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। गांवों में बने पीएचसी में भी कोई देखभाल नही है। महेंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि 15 जून को भाकियू कार्यकर्ता राजकुमार पैर में पट्टी कराने के लिए गए थे, दो घंटे अस्पताल में बैठने के बाद भी कोई पट्टी करने वाला नहीं आया, इसके बाद सीएचसी अधीक्षक को फोन किया तब जाकर कहीं आधा घंटे बाद पट्टी हो सकी। भाकियू ने एसडीएम संजय कुमार पांडेय को पत्र देकर कहा कि अस्पताल में डॉक्टर एवं स्टाफ की कमी के चलते वार्ड ब्यॉय के सहारे अस्पताल चल रहे है। सरकार की मंशा है कि गरीबों को मुफ्त में इलाज मिले लेकिन यहां के अस्पताल का हाल बहुत खराब है और ठीक सरकार के मानसा के विपरीत कार्य किया जा रहा है। पत्र देने वालों में हेतराम, राशिराम वर्मा जसपाल सिंह धीरेंद्र यादव सत्येंद्र सिंह, सोनपाल आदि मौजूद रहे।

- भाकियू (भानु गुट) के कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम को सौंपा पत्र


एसडीएम संजय कुमार पांडेय को पत्र देते किसान व भाकियू (भानु गुट) के पदाधिकारी।


पीएचसी मे खाली पड़ी स्वास्थ्य कर्मी की कुर्सी।

### कलान पीएचसी पर समय से नहीं आता स्टाफ

**कलान, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ज्यादातर समय चिकित्सक एवं कर्मचारी गायब रहते हैं, जिस कारण दवा लेने आए मरीजों को घंटों इंतजार करने के लिए विवश होना पड़ रहा है। कई गांव के मरीजों ने बताया कि सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पौने 10 बजे तक पर्चा बनाने वाला नहीं आया था, न ही कोई चिकित्सक ओपीडी में दवा लिख रहा था। जिस कारण मरीज इंतजार के बाद वापस हो रहे थे। आयुष्मान कार्ड बनाने वाले आयुष्मान मित्र भी गायब थे। समय से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी के न आने की शिकायत जब एसडीम कलान महेश कुमार कैथल से की गई तो उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दिनेश सिंह यादव से पूछा, जिस पर शिकायतकर्ता को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दिनेश सिंह यादव ने कहा कि मरीज भी टाइम से नहीं आता है, तो कर्मचारी की मजबूरी है।

- दवा लेने पहुंचे मरीजों और तीमारदारों ने लगाया आरोप
- पौने 10 बजे पर्चा बनाने वाला नहीं पहुंचा था अस्पताल

# अफसरों ने सड़क पर फैला सामान दुकानों में रखवाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बाजार में बढ़ रहे अतिक्रमण और उससे हो रही असुविधा के दृष्टिगत नगर आयुक्त के नेतृत्व में दूसरे दिन भी दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया गया।

सोमवार को नगर आयुक्त ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण किया तो जुर्माना वसूला जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी समेत टीम के साथ बहादुरगंज पचराहे के आसपास सड़क के दोनों साइड दुकानदारों, फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से फैलाए गए सामान को हटवाया। सड़क पर दुकानों के सामान को देखकर नगर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर कर सामान अंदर रखवाया।

- बहादुरगंज पचराहे से हटवाया अतिक्रमण, दोबारा मिलने पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी


बहादुरगंज पचराहे पर अतिक्रमण हटवाते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र व उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी। • अमृत विचार

### यातायात सुगम बनाने में सहयोग करें दुकानदार

नगर आयुक्त ने दुकानदारों से अपेक्षा की कि महानगर में यातायात को सुगम बनाने में दुकानदार सहयोग करें। उनकी सुविधा के लिए राहगीरों को परेशान नहीं किया जा सकता। उन्होंने दुकानों के सामने खड़े वाहनों के मालिकों से वाहनों को नगर निगम द्वारा संचालित पार्किंग स्थलों पर पार्क करने का भी आग्रह किया। अभियान में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, संपत्ति विभाग और प्रवर्तन दल टीम शामिल रही।

## सार-संक्षेप

### इनरव्हील जिला इकाई 5 स्टार क्लब घोषित




**शाहजहांपुर।** सामाजिक संस्था इनरव्हील के आगरा में हुए अवॉर्ड सम्मेलन में जिला इकाई को कई अवॉर्ड मिले हैं। समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने पर शाहजहांपुर इकाई को 5 स्टार क्लब में रखा गया। साथ ही अध्यक्ष नीलम गुप्ता को आउटस्टैंडिंग अध्यक्ष के रूप में प्लेटिनम शील्ड भी प्रदान की गई। सभी पुरस्कार अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वरिष्ठ सदस्य सुनीता गर्ग और विभा अग्रवाल ने प्राप्त किए। अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बैठक कर पुरस्कारों के बारे में टीम को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन संध्या गुप्ता ने जिला इकाई को सेवाभाव के कार्यों के लिए कई पुरस्कारों के साथ सर्टिफिकेट तथा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन द्वारा प्रोत्साहन पत्र भी दिया गया। कोषाध्यक्ष अनुभा मेहरोत्रा को सर्टिफ़िकेट और उपहार से सम्मानित किया गया। वहीं, सचिव रागिनी कपूर, आईएसओ मंजुला शर्मा तथा एडिटर ज्योति गुप्ता को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। नीलम गुप्ता ने कहा कि वर्ष भर अध्यक्ष के रूप में काम करने के दौरान उन्होंने बहुत कुछ सीखा और अनुभव जुटाने का अवसर मिला। पूरी टीम ने अविस्मरणीय सहयोग दिया, जिसके वह सभी की आभारी हैं।

### छावनी एरिया में लगा बजरंग चिकित्सा शिविर



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय आह्वान पर सोमवार को बजरंगदल सेवा सप्ताह के तहत छावनी एरिया में चिकित्सा शिविर लगाया गया। महानगर संयोजक अंकित मिश्रा और महानगर सह संयोजक हर्षित गुप्ता के नेतृत्व में शुरू किए गए सेवा सप्ताह चिकित्सा शिविर डॉ. अभिषेक ने लोगों का शुगर, रक्तचाप व अन्य जांचें कर औषधि का वितरण किया। महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, मंत्री अशनील सिंह, सेवा प्रमुख बलराम गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, श्रीओम गुप्ता, हरीश प्रजापति, सत्संग प्रमुख रमेश कोरी, राहुल कनौजिया, प्रदीप प्रजापति, विश्वास वर्मा, मानवेंद्र सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, अनंत शुक्ला, अनुज यादव, अजीत राजपूत, गोपाल प्रजापति, भीम गौतम आदि का सहयोग रहा।

### नाला चोक होने से बरसात में तालाब बना थाना रोड

**कलान।** सोमवार दोपहर में हुई मामूली बरसात में थाना रोड, ब्लॉक रोड आदि में पानी भर गया। जिससे थाना रोड तालाब की शक्ल में बदल गया। स्टेट हाईवे बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित मेन नाला चोक होने से दिक्कत हुई। वहीं नगर पंचायत की तरफ से अलाउंस करवाया गया कि परौर एवं बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर बने नालों से तत्काल 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो नगर पंचायत कार्रवाई करेगी।



आवश्यकता है
अनुभवी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
फार्मासिस्ट
लैब टैक्नीशियन
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

# अब सवर्णों को लुभाएगी कांग्रेस, बन रही रणनीति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में बेहतर परिणाम आने से कांग्रेसी उत्साह में है। अब पार्टी की नजर सवर्ण वोटरों पर है। इस संबंध में सोमवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक पदाधिकारियों की पार्टी कार्यालय राजीव भवन में बैठक हुई, जिसमें लोक सभा चुनाव परिणाम की समीक्षा करते हुए बताया गया कि पार्टी को सवर्ण वोट केवल 16 प्रतिशत मिला, इससे अधिक वोट हासिल करने के लिए कांग्रेस सवर्ण समाज के नए चेहरों को आगे लाएगी। इसके बाद पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता भी की।

अल्पसंख्यक कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अफजाल खान ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। उम्मीद जताई की कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं, जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायी जाएगी। जिलाध्यक्ष सईद अंसारी ने कहा कि सीएसडीएस ओर लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि गठबंधन को मुसलमानों का एक मुश्त वोट मिला है. वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बढ़ा हिस्सा साथ था। उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा एनडीए गठबंधन और करीब 90 फीसदी सीधे भाजपा को गया और सिर्फ 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही गठबंधन को मिला। यह चिंता का विषय है। पार्टी सवर्ण समाज में नए चेहरों को आगे लाने पर रणनीति बना रही है, ताकि आगे से सवर्ण समाज का पूरा वोट हमें मिले। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खान ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलाएगी। इस दौरान डॉ. फरीद खां, डॉ. जाने आलम, सलीम इदरीसी, तसदीक अंसारी, वसीम खान, वकार वारसी, सैयद रहमान, आदि मौजूद रहे।



बैठक में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी। • अमृत विचार

- राजीव भवन में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकारों से की वार्ता
- सवर्ण समाज के नए चेहरों को लाया जाएगा सामने, तभी मिलेगी मजबूती

